भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.4945**

23.03.2026 को उत्तर के लिए

**कोल्हापुर में उद्योगों का बंद होना**

**4945. श्री शाहू शहाजी छत्रपतीः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कोल्हापुर जिले में जिन औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं उनकी संख्या कितनी है;

(ख) कितने मामलों में बैंक गारंटी भुनाई गई थी; और

(ग) क्या ऐसे आदेशों के विरुद्ध कोई अपीलीय तंत्र मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (ग) महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान सहमति शर्तों का अनुपालन न करने के लिए कोल्हापुर जिले में 36 उद्योगों को बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। समय-समय पर जारी एमपीसीबी निर्देशों का अनुपालन न करने के कारण 49 उद्योगों से 1,10,70,500/- की बैंक गारंटी की राशि ली गई है। एक अपीलीय प्रणाली जिसके तहत राज्य बोर्ड द्वारा पारित आदेश की तारीख से तीस दिनों के भीतर आदेशों के खिलाफ अपील की जा सकती है और जिस पर जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 28 और वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 के तहत आदेश संप्रेषित किया जाता है तथा प्रधान सचिव, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, महाराष्ट्र सरकार को अपील की जा सकती है।

*****